FIRST INFORMATION REPORT
Under Section 173 B.N.S.S.

(प्रथम सूचना रिपोर्ट)
अंतर्गत धारा 173 बी. एन. एस. एस.

1. **District (जिला):** ACB DISTRICT **P.S. (थाना):** C.P.S Jaipur **Year (वर्ष):** 2026

2. **FIR No. (प्र.सू.रि.सं):** 0066 **Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय):** 12/03/2026 17:45 बजे

S.No. (क्र.सं.)	Acts (अधिनियम)	Sections (धाराएँ)
1	भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित)	7
2	भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित)	12

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1. **Day(दिन):** दरमियानी दिन **Date From (दिनांक से):** 26/02/2026 **Date To (दिनांक तक):** 09/03/2026
Time Period (समय अवधि): पहर **Time From (समय से):** 10:30 बजे **Time To (समय तक):** 12:01 बजे

(b) **Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 12/03/2026 **Time (समय):** 17:00 बजे

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) :** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 002 **Date & Time (दिनांक एवं समय)** 12/03/2026 17:45:22 बजे

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** लिखित

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. (a) **Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी):** SOUTH, 510 किमी **Beat No. (बीट सं.) :** NOT APPLICABLE

(b) **Address(पता):** KOSH KARYALAY BANSWARA

(c **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**
Name of P.S (थाना का नाम): **District(State) (जिला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name(नाम):** MANOJ VAISHNAV

(b) **Father's Name (पिता का नाम):** RAMESH VAISHNAV

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष):** 1991 **(d)Nationality(राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No(यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**
Date of Issue (जारी करने की तिथि): **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण(राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):**

S.No.	Id Type	Id Number

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address(पता):**

S.No. (क्र. सं.)	Address Type (पता का प्रकार)	Address (पता)
1	वर्तमान पता	15, TIRUPATI VIHAR, TIRUPATI NAGAR, BANSWARA, BANSWARA, RAJASTHAN, INDIA
2	स्थायी पता	3/197, RBH COLONY, GAVARDHAN VILAS SECTOR 14, UDAIPUR, UDAIPUR, RAJASTHAN, INDIA

(j) **Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल न.):**

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):**

Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):

S.No. (क्र.सं.)	Name (नाम)	Alias (उपनाम)	Relative's Name (रिश्तेदार का नाम)	Address (पता)
1	KACHRU KATARA		पिता:VITTHALA KATARA	1. INDRA COLONY,TALWARA,BANSWAR
2	MILAN BHAT		पिता:DEVENDRA BHAT	1. JAULANA,ARUTHANA,BANSWA

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary) (सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण(यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):**

S.No. (क्र.सं.)	Property Category (सम्पत्ति श्रेणी)	Property Type (सम्पत्ति के प्रकार)	Description (विवरण)	Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में))
1	सिक्के और मुद्रा	रुपये		10,000.00

10. **Total value of property stolen(In Rs/-)**
(चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में)): 10,000.00

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):**

S.No. (क्र.सं.)	UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या)

12. **First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)**
(प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)):

सेवामें, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय् भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो बांसवाडा। विषयः- कानूनी कार्यवाही कराने बाबत्। महोदय् उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि मै प्रार्थी मनोज वैष्णव निवासी तिरूपती नगर बांसवाडा का होकर यह कथन करता हू कि मेरा स्वास्तिक ईमित्र बडगांव पर स्थित है। सन् 2024 में जितेन्द्र नामक व्यक्ति द्वारा मेरे ई मित्र पर आकर मूल निवास एवं जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करवाया गया था जिसके पश्चात मेरे द्वारा प्रमाण पत्र एवं जितेन्द्र द्वारा लाया गया फार्म उसे पुनः दे दिया गया था परन्तु उसी जितेन्द्र द्वारा वर्ष 2026 में पुनः किसी ई मित्र पर जाकर वर्ष 2024 का फॉर्म को प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन किया परन्तु तहसील ऑफिस के कर्मचारी कचरू कटारा द्वारा फॉर्म को जांच में लेकर फॉर्म में पटवारी के हस्ताक्षर को गलत बताकर मुझ प्रार्थी मनोज वैष्णव को कॉल किया गया एवं कहा गया कि सन् 2024 में आपके द्वारा जो फॉर्म चढाया गया था उसमें पटवारी के हस्ताक्षर आपके द्वारा किये गये एवं मुझ पर गलत आक्षेप लगाकर तुरन्त तहसील कार्यालय आने को कहां। उसके बाद उसी दिन में तहसील कार्यालय कचरू कटारा से मिलकर आया तो कचरू कटारा द्वारा मुझे कहां गया कि मै फॉर्म की पूर्ण जांच करवाउंगा और आपके विरूद्व पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाउंगा जिस पर मैने कहां कि ई मित्र पर मैने जितेन्द्र द्वारा लाया गया फॉर्म चढाया परन्तु कचरू कटारा द्वारा मेरी एक बात नही सुनी ओर मुझे धमकाया और लेने-देन करके सेटल करने हेतु कह रहा है। मेरे द्वारा फॉर्म पर फर्जी हस्ताक्षर नही किये गए थे। मै कचरू कटारा को कोई रिश्वत राशि नही देना चाहता हु। वह मुझसे रिश्वत राशि की मांग कर रहा है। मेरी कचरू कटारा से ना ही कोई रंजिष है ना ही कोई बकाया लेन देन बाकी है। अतः कानुनी कार्यवाही करावें। दिनांकः- 26.02.2026 सही/- मनोज वैष्णव मो0 कार्यवाही पुलिस ब्यूरो इकाई बांसवाडा दिनांक 26.02.2026 समय 10.30 एएम पर परिवादी श्री मनोज वैष्णव पुत्र श्री रमेश जी वैष्णव उम्र 35 साल निवासी 3/197, आरएचबी कॉलोनी, गोवर्धन विलास सेक्टर 14, उदयपुर हाल मकान नं. 15, तिरूपति विहार, तिरूपति नगर बांसवाडा पेषा स्वास्तीक ई मित्र बडगांव जिला बांसवाडा ब्यूरो कार्यालय पर उपस्थित आया। जिसे मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यालय कक्ष में बैठाया गया। तत्पष्चात परिवादी द्वारा एक हस्तलिखित प्रार्थना पत्र स्वयं के हस्ताक्षरयुक्त मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को प्रस्तुत किया। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को परिवादी को पढकर सुनाया गया तो परिवादी श्री मनोज वैष्णव ने शब्द-ब-शब्द सही होना व प्रार्थना पत्र पर स्वयं के हस्ताक्षर होना स्वीकार किया। माजिद पूछताछ पर परिवादी ने बताया कि " मै प्रार्थी मनोज वैष्णव निवासी तिरूपती नगर बांसवाडा का होकर यह कथन करता हू कि मेरा स्वास्तिक ईमित्र बडगांव पर स्थित है। सन् 2024 में जितेन्द्र नामक व्यक्ति द्वारा मेरे ई मित्र पर आकर मूल निवास एवं जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन करवाया गया था जिसके पश्चात मेरे द्वारा प्रमाण पत्र एवं जितेन्द्र द्वारा लाया गया फार्म उसे पुनः दे दिया गया था परन्तु उसी जितेन्द्र द्वारा वर्ष 2026 में पुनः किसी ई मित्र पर जाकर वर्ष 2024 का फॉर्म को प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन किया परन्तु तहसील ऑफिस के कर्मचारी कचरू कटारा द्वारा फॉर्म को जांच में लेकर फॉर्म में पटवारी के हस्ताक्षर को गलत बताकर मुझ प्रार्थी मनोज वैष्णव को कॉल किया गया एवं कहा गया कि सन् 2024 में आपके द्वारा जो फॉर्म चढाया गया था उसमें पटवारी के हस्ताक्षर आपके द्वारा किये गये एवं मुझ पर गलत आक्षेप लगाकर तुरन्त तहसील कार्यालय आने को कहां। उसके बाद उसी दिन में तहसील कार्यालय कचरू कटारा से मिलकर आया तो कचरू कटारा द्वारा मुझे कहां गया कि मै फॉर्म की पूर्ण जांच करवाउंगा और आपके विरूद्व पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज करवाउंगा जिस पर मैने कहां कि ई मित्र पर मैने जितेन्द्र द्वारा लाया गया फॉर्म चढाया परन्तु कचरू कटारा द्वारा मेरी एक बात नही सुनी ओर मुझे धमकाया और लेने-देन करके सेटल करने हेतु कह रहा है। मेरे द्वारा फॉर्म पर फर्जी हस्ताक्षर नही किये गए थे। मै कचरू कटारा को कोई रिश्वत राशि नही देना चाहता हु। वह मुझसे रिश्वत राशि की मांग कर रहा है। मेरी कचरू कटारा से ना ही कोई रंजिष है ना ही कोई बकाया लेन देन बाकी है। अतः कानुनी कार्यवाही करावें।'परिवादी से मजिद दरियाफ्त पर मामला रिश्वत राशि मांग का पाया जाने पर नियमानुसार रिश्वत मांग सत्यापन कराया जाना आवश्यक होने से परिवादी को ब्यूरो की ट्रेप कार्यवाही की प्रक्रिया को भलीभांती समझाया जाकर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा कार्यालय में उपस्थित श्री बंसीलाल कानि नं 63 को कार्यालय की अलमारी से डिजीटल टेप रिकॉर्डर मय नया रिक्त मेमोरी कार्ड (ईवीएम माइक्रो एसडी एचसी 8 जीबी बरंग काला) मंगवाकर डिजिटल टेप रिकॉर्डर में नया मेमोरी कार्ड लगाया जाकर डिजिटल टेप रिकॉर्डर को चालू कर अवलोकन किया गया तो डिजिटल टेप रिकॉर्डर व उसमें लगाया गया मेमोरी कार्ड खाली (रिक्त) होना पाया गया। श्री

बंसीलाल कानि नं 63 का परिचय परिवादी श्री मनोज वैष्णव से करवाया जाकर एक दुसरे के मोबाईल नम्बर आपस में आदान-प्रदान करवाये गए। तत्पश्चात परिवादी श्री मनोज वैष्णव से श्री कचरू कटारा के बारे में पुछा तो परिवादी ने बताया की वह तहसील कार्यालय पर ही मिलेंगे। जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा श्री बंसीलाल कानि नं 63 को अग्रिम रिश्वत राशि मांग सत्यापन की कार्यवाही हेतु निर्देशित कर ब्यूरो का डिजीटल टेप रिकॉर्डर मय नया रिक्त मेमोरी कार्ड लगाकर सुपूर्द कर समय 11.35 एएम पर परिवादी एवं श्री बंसीलाल कानि को परिवादी की निजी कार से तहसील कार्यालय कलेक्ट्री परीसर बांसवाडा के लिए मुनासिब हिदायत कर रवाना किया गया। समय 12.15 पीएम पर परिवादी श्री मनोज वैष्णव व कानि श्री बंसीलाल नं 63 ब्यूरो कार्यालय बांसवाडा उपस्थित आकर श्री बंसीलाल कानि नं 63 ने ब्यूरो का डिजीटल टेप रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड लगा हुआ बन्द हालत में मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सुपूर्द किया जिसे सुरक्षित रखा गया। तत्पष्चात परिवादी श्री मनोज वैष्णव ने बताया कि मै व श्री बंसीलाल कानि मेरी निजी कार से ब्यूरो कार्यालय से रवाना होकर तहसील कार्यालय कलेक्ट्री परीसर बांसवाडा के आस-पास पहुंचे जहां श्री बंसीलाल कानि द्वारा मुझे डिजीटल टेप रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड लगा हुआ चालु हालत में सुपूर्द किया। जिस पर मै, बंसीलाल जी को वही छोड कर अपनी निजी कार लेकर तहसील कार्यालय पहुंचा वहां श्री कचरू कटारा उपस्थित मिला वहां मौके पर कई लोग बैठे हुए थे। इसलिए उसने मुझसे कोई बात नही कर बाद में आने को कहां है। उक्त वार्ता मैने डिजीटल टेप रिकॉर्डर में रिकॉर्ड कर ली है। इसके पश्चात मै तहसील कार्यालय से बाहर आया और डिजीटल टेप रिकॉर्डर मेमोरी कार्ड लगा हुआ श्री बंसीलाल कानि को सुपूर्द किया जिसे उन्होने बन्द कर अपने पास रख लिया। परिवादी के कहे कथनों की ताईद श्री बंसीलाल कानि द्वारा करते हुए बताया की मैने परिवादी को ब्यूरो का डिजीटल टेप रिकॉर्डर मेमोरी कार्ड लगा हुआ चालु कर सुपूर्द किया और मैं वही आस पास अपनी उपस्थिती छुपाते हुए परिवादी के आने के इन्तजार में मुकिम रहा था। बाद रिश्वत मांग सत्यापन परिवादी मेरे पास उपस्थित आया था जिससे ब्यूरो का डिजीटल टेप रिकॉर्डर मेमोरी कार्ड लगा हुआ प्राप्त कर बन्द कर अपने पास सुरक्षित रख लिया था। तत्पश्चात मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को परिवादी ने बताया कि कचरू कटारा मुझसे सम्पर्क करेगा तो मै आपके कार्यालय में उपस्थित होकर अवगत करवाउंगा। जिस पर परिवादी को कार्यवाही की गोपनीयता बरतने की मुनासिब हिदायत कर रूखसत किया गया। ब्यूरो के डिजीटल टेप रिकॉर्डर मेमोरी कार्ड लगा हुआ को सुरक्षित कार्यालय की अलमारी में रखवाया गया। दिनांक 27.02.2026 समय 12.30 पीएम पर परिवादी श्री मनोज वैष्णव ब्यूरो कार्यालय उपस्थित होकर बताया कि मेरे मोबाईल नं पर श्री कचरू कटारा के मोबाईल नं से कॉल आया था और मुझे मिलने के लिए तहसील कार्यालय बांसवाडा बुलाया है। जिस पर श्री बंसीलाल कानि नं 63 से पूर्व में ब्यूरो कार्यालय की अलमारी में सुरक्षित रखे डिजीटल टेप रिकॉर्डर मेमोरी कार्ड लगा हुआ मंगवाया जाकर कानि श्री बंसीलाल को सुपूर्द कर समय 12.55 पीएम पर परिवादी एवं श्री बंसीलाल कानि को परिवादी की निजी कार से तहसील कार्यालय कलेक्ट्री परीसर बांसवाडा के लिए मुनासिब हिदायत कर रवाना किया गया। समय 01.45 पीएम पर परिवादी श्री मनोज वैष्णव व कानि श्री बंसीलाल नं 63 ब्यूरो कार्यालय बांसवाडा उपस्थित आकर श्री बंसीलाल कानि नं 63 ने ब्यूरो का डिजीटल टेप रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड लगा हुआ बन्द हालत में मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को सुपूर्द किया जिसे सुरक्षित रखा गया। तत्पष्चात परिवादी श्री मनोज वैष्णव ने बताया कि मै व श्री बंसीलाल कानि मेरी निजी कार से ब्यूरो कार्यालय से रवाना होकर तहसील कार्यालय कलेक्ट्री परीसर बांसवाडा के आस-पास पहुंचे जहां श्री बंसीलाल कानि द्वारा मुझे डिजीटल टेप रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड लगा हुआ चालु हालत में सुपूर्द किया। जिस पर मै, बंसीलाल जी को वही छोड कर अपनी निजी कार लेकर तहसील कार्यालय पहुंचा वहां श्री कचरू कटारा उपस्थित मिला, जिससे मैने श्री जितेन्द्र के आवेदन पत्र के सम्बन्ध में पूछताछ की तो श्री कचरू कटारा द्वारा वार्ता करते हुए मामला सुल्टाने के लिए कहकर कचरू द्वारा अपने मोबाईल पर रिश्वत राशि टाईप की गई और मुझे कहा गया की आप कितना देना चाह रहे हो दबाओ कितने करोगे जिस पर मेरे द्वारा उसके मोबाईल में 10,000/- रूपये टाईप किये तो उसके द्वारा अपनी सहमती व्यक्त करने पर मैने पे मेन्ट कैसे देना है तो कचरू द्वारा कैष दे देना होली के बाद। तत्पष्चात परिवादी ने बताया की कचरू काफी शातिर है उसने मुझसे बोलकर मांग नही की गई रिश्वत राशि अपने मोबाईल में टाईप करवा कर होली के बाद राशि देने हेतु कहां है। उक्त वार्ता मैने डिजीटल टेप रिकॉर्डर में रिकॉर्ड कर ली है। इसके पश्चात मै तहसील कार्यालय से बाहर आया और डिजीटल टेप रिकॉर्डर मेमोरी कार्ड लगा हुआ श्री बंसीलाल कानि को सुपूर्द किया जिसे उन्होने बन्द कर अपने पास रख लिया। परिवादी के कहे कथनों की ताईद श्री बंसीलाल कानि द्वारा करते हुए बताया की मैने परिवादी को ब्यूरो का डिजीटल टेप रिकॉर्डर मेमोरी कार्ड लगा हुआ चालु कर सुपूर्द किया और मैं वही आस पास अपनी उपस्थिती छुपाते हुए परिवादी के आने के इन्तजार में मुकिम रहा था। बाद रिश्वत मांग सत्यापन परिवादी मेरे पास उपस्थित आया था जिससे ब्यूरो का डिजीटल टेप रिकॉर्डर मेमोरी कार्ड लगा हुआ प्राप्त कर बन्द कर अपने पास सुरक्षित रख लिया था। तत्पष्चात मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा ब्यूरो का डिजीटल टेप रिकॉर्डर मेमोरी कार्ड लगा हुआ चालु कर परिवादी एवं कचरू कटारा के मध्य हुई वार्ता के मुख्य-मुख्य अंशसुने गए तो आरोपी द्वारा रिश्वत राशि बोलकर नही मांग की गई केवल परिवादी के काम को सुल्टा देने (परिवादी के खिलाफ कार्यवाही नही करने) एवं राशि नगद देने हेतु कहकर राशि का परिवादी के बताए अनुसार परिवादी से रिश्वत राशि 10,000/- रूपये का कचरू कटारा द्वारा अपने मोबाईल में अंकन करवाया गया। उपरोक्त रिश्वत मांग वार्ता एवं

परिवादी के कथनानुसार संदिग्ध श्री कचरू कटारा बडा ही शातीर प्रवृत्ती व्यक्ति है, उसके द्वारा रिश्वत मांग वार्ता में रिश्वत राशि मोबाईल पर टाईप करके रिश्वत राशि की सहमती व्यक्त की गई है। परिवादी के अनुसार आरोपी द्वारा रिश्वत राशि होली के बाद देने हेतु कहा गया है। जिस पर ब्यूरो का डिजीटल टेप रिकॉर्डर मेमोरी कार्ड लगा हुआ सुरक्षित ब्यूरो कार्यालय की अलमारी में रखा गया। परिवादी ने बताया की कचरू कटारा मुझसे सम्पर्क करेगा तो मै रिश्वत राशि की व्यवस्था कर आपके कार्यालय उपस्थित आ जाउंगा। जिस पर परिवादी को संदिग्ध द्वारा सम्पर्क करने पर रिश्वत राशि 10,000/- रूपये की व्यवस्था कर ब्यूरो कार्यालय उपस्थित आने एवं कार्यवाही की गोपनीयता बरतने की मुनासिब हिदायत कर रवाना किया गया। आईन्दा परिवादी के उपस्थित आने अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। दिनांक 08.03.2026 समय 04.00 पीएम पर परिवादी श्री मनोज वैष्णव ब्यूरो कार्यालय उपस्थित आया और बताया की कचरू कटारा का मेरे मोबाईल पर दिनांक 05.03.2026 को कॉल आया था पर मेरे पारिवारीक कार्यक्रम होने एवं रिश्वत राशि की व्यवस्था नही होने से कार्यालय उपस्थित नही हो सका। कचरू को मैने दो-तीन दिन मे रिश्वत राशि की व्यवस्था होने पर सम्पर्क करने हेतु कहा है कल दिनांक 09.03.2026 को कचरू अपने राजकार्य हेतु तहसील कार्यालय आएगा और कचरू मुझे कॉल कर सकता है जैसे ही कचरू का कॉल आएगा तो मै कार्यालय उपस्थित हो जाउंगा। तत्पष्चात परिवादी को रिश्वत राशि 10,000/- रूपये की व्यवस्था हेतु पूछा गया तो परिवादी ने बताया की रिश्वत राशि की व्यवस्था हो गई है। जैसे ही कचरू मुझसे सम्पर्क करेगा तो मैं रिश्वत राशि लेकर कार्यालय उपस्थित हो जाउंगा। परिवादी को कार्यवाही की गोपनीयता बरतने की मुनासिब हिदायत कर रूखसत किया गया। कार्यालय पर जाब्ते की कमी होने से अतिरिक्त जाब्ता हेतु पुलिस उप अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो डूंगरपुर को जरिये दूरभाष दिनांक 09.03.2026 को प्रातः 09.30 एएम पर ब्यूरो कार्यालय उपस्थित आने हेतु अवगत कराया गया। दिनांक 09.03.2026 समय 09.00 एएम पर परिवादी श्री मनोज वैष्णव ब्यूरो कार्यालय उपस्थित आया और अवगत कराया की आज कचरू कटारा ने मेरे मोबाईल पर कॉल कर मुझे तहसील कार्यालय बुलाया है। मै रिश्वत राशि 10,000/- रूपये कि भी व्यवस्था कर अपने साथ लेकर आया हुं आप अग्रिम कार्यवाही करावें। उसे सुरक्षित कार्यालय कक्ष में बैठाया गया। अग्रिम कार्यवाही हेतु दो स्वतंत्र गवाह की आवष्यकता होने से उप रजिस्ट्रार एवं विशेष लेखा परीक्षक सहकारी समितियां बांसवाडा के नाम कार्यालय के पत्रांक एसपीएल-1 एवं एसपीएल-2 दिनांक 09.03.2026 पर विशेष वाहक के साथ कार्यालय उपस्थित आने हेतु तहरिर जारी कर श्री बंसीलाल कानि नं 63 को आवश्यक हिदायत कर रवाना किया गया। समय 09.30 एएम पर पाबन्दशुदा सहकारी समितियां बांसवाडा से दो स्वतंत्र गवाह उपस्थित आये जिनको मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अपना परिचय देते हुए उनका परिचय पुछा तो उन्होने अपना नाम अनिल कुमार भगोरा पुत्र श्री मगनलाल जी भगोरा उम्र 57 वर्ष जाति भील निवासी मोहल्ला निचला खांटवाडा जिला बांसवाडा हाल सहायक प्रशासनिक अधिकारी कार्यालय उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां बांसवाडा एवं निलेश जोशी पुत्र श्री उमाशंकर जोशी उम्र 40 वर्ष जाति ब्राम्हण निवासी हाउसींग बोर्ड माही सरोवर गणेश मिल्क डेयरी बांसवाडा हाल सहायक प्रषासनिक अधिकारी कार्यालय विषेष लेखा परीक्षक सहकारी समितियां जिला बांसवाडा होना बताया मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनो गवाहान से प्रस्तावित ट्रेप कार्यवाही मे बतौर स्वतन्त्र गवाहान उपस्थित रहने बाबत् सहमति चाही गई जिस पर दोनो गवाहान ने अपनी-अपनी मौखिक सहमति व्यक्त की। दोनों गवाहों को कार्यालय कक्ष में सुरक्षित बिठाया गया । पूर्व का पाबन्दशुदा श्री जितेन्द्र कानि नं 390 भ्रनिब्यूरो डूंगरपुर ब्यूरो कार्यालय उपस्थित आया। जिसे आवश्यक हिदायत कर कार्यालय कक्ष में बैठाया। समय 09.45 एएम पर कार्यालय में बैठे हुए दोनो स्वतन्त्र गवाहान का परिवादी श्री मनोज वैष्णव का आपस में परिचय करवाया गया तथा परिवादी की रिपोर्ट दिनांक 26.02.2026 को दोनो गवाहान के समक्ष पढ़कर सुनाई गई तो परिवादी ने शब्द-ब-शब्द सही होना मान रिपोर्ट स्वयं की हस्तलिपी में होकर स्वयं के हस्ताक्षर अंकित होना जाहिर किया। उक्त रिपोर्ट पर दोनो स्वतंत्र गवाहान के हस्ताक्षर करवाये गये। मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा रिश्वत राशि मांग सत्यापन वार्ता का रिकॉर्ड शुदा डिजिटल टेप रिकॉर्डर मेमोरी कार्ड लगा हुआ कार्यालय की अलमारी से श्री बंसीलाल कानि से मंगवाया जाकर डिजिटल टेप रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड को चालु कर रिकॉर्ड वार्ता के मुख्य-मुख्य अंश को गवाहो को भी सुनाया गया तो गवाहान ने भी आरोपी द्वारा रिश्वत राशि मांग की पुष्टि की। समय 10.00 एएम पर ब्यूरो के डिजिटल टेप रिकॉर्डर मेमोरी कार्ड लगा हुआ को दोनो स्वतंत्र गवाह एवं परिवादी के समक्ष ब्यूरो कार्यालय के लेपटॉप से कनेक्ट करवाकर मूल मेमोरी कार्ड में रिकॉर्डशुदा दिनांक 26.02.2026 को समय करीब 11.45 एएम पर परिवादी एवं श्री कचरू कटारा के मध्य आमने-सामने तहसील कार्यालय कलेक्ट्री परीसर बांसवाडा में हुई वार्ता को चलाकर सुना जाकर उक्त वार्ता की मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देषन में श्री बंसीलाल कानि नं 63 द्वारा फर्द ट्रांसक्रिप्ट मूर्तिब की गई तथा मुर्तिबशुदाफर्द ट्रान्सक्रिप्ट पर सम्बन्धितों के हस्ताक्षर करवाये गये। उपरोक्त फर्द ट्रान्सक्रिप्ट में परिवादी श्री मनोज वैष्णव ने एक आवाज अपनी स्वयं की तथा दूसरी आवाज संदिग्ध श्री कचरू कटारा की होने की पुष्टि की। उक्त वार्ता का मूल मेमोरी कार्ड से पेनड्राईव पृथक से तैयार किया जायेगा। समय 10.30 एएम पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनो गवाहान के समक्ष आरोपी श्री कचरू कटारा, वरिष्ठ सहायक तहसील कार्यालय बांसवाडा को दी जाने वाली रिश्वती राशि पेश करने हेतु परिवादी श्री मनोज वैष्णव को कहां तो परिवादी ने अपने पास से 500-500 रूपये के 20 नोट कुल 10,000/- रूपये भारतीय चलन मुद्रा के पेश किये। उपरोक्त नोटो के नम्बर जिसे फर्द में अंकित किया गया। परिवादी श्री मनोज वैष्णव द्वारा

पेश किये गये उक्त समस्त नोटो पर श्री दिनेश कुमार सउनि से कार्यालय कक्ष की अलमारी में रखी फिनोफ्थलीन पाउडर एवं सोडियम कार्बोनेट की शीशी को मंगवाया जाकर फिनोफ्थलीन पाउडर की शीषी को श्री जितेन्द्र कानि 390 को सम्भलवाई गई तथा कानि द्वारा कार्यालय की टेबल पर अखबार बिछाकर अखबार पर उपरोक्त समस्त भारतीय चलन मुद्रा के नोटो के दोनो ओर फिनोफ्थलीन पाउडर लगवाया गया। परिवादी श्री मनोज वैष्णव की जामा तलाशी गवाह श्री अनिल कुमार भगोरा से लिवाई गई। जिस में परिवादी के पास एक मोबाईल फोन के अलावा कुछ नही मिला जिसे परिवादी को सुपुर्द किया गया। श्री जितेन्द्र कानि 390 से उपरोक्त नोटो को परिवादी श्री मनोज वैष्णव के पहनी हुई पेन्ट के साईड की बाएं जैब में कोई शैः नहीं छोडते हुए रखवाये गये। तत्पश्चात् श्री दिनेष कुमार सउनि से एक प्लास्टिक के पारदर्शी डिस्पोजल गिलास में कार्यालय से साफ पानी भरवाकर मंगवाया, इसमें एक चम्मच सोडियम कार्बोनेट पाउडर डलवाकर घोल तैयार करवाया तो घोल का रंग अपरिवर्तित रहा जिसे गवाहान एवं परिवादी को दिखाया गया तो उन्होनें घोल का रंग अपरिवर्तित होना स्वीकार किया। इस रंगहीन घोल में श्री जितेन्द्र कानि 390 की अंगुलियों व अंगुठे को डूबोकर धुलवाया गया तो घोल का रंग गुलाबी हो गया। इस प्रकार परिवादी तथा स्वतंत्र गवाहान के समक्ष फिनोफ्थलीन पाउडर एवं सोडियम कार्बोनेट पाउडर की रासायनिक प्रतिक्रिया प्रदर्शित कर बताई गई एवं मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा उसके मन्तव्य से अवगत कराते हुए बताया कि यदि आरोपी द्वारा परिवादी से रिश्वती राशि मांग कर अपने हाथों से ग्रहण करेगा तो नोटो पर लगा फिनोफ्थलीन पाउडर उसके हाथों की अंगुलियों व अंगुठे पर लग जाएगा और जब उसके हाथों की अंगुलियों व अंगुठे को उपरोक्तानुसार धुलाई जाएगी तो घोल का रंग गुलाबी हो जाएगा। जिससे यह प्रमाणित होगा कि आरोपी ने रिश्वती राशि मांग कर अपने हाथों से ग्रहण की है। उक्त गुलाबी घोल को श्री जितेन्द्र कानि नं 390 से कार्यालय के बाहर नाली में फिकवाया गया तथा अखबार व प्लास्टिक के डिस्पोजल गिलास को जलाकर नष्ट किया गया। फिनोफ्थलीन पाउडर की शीशी को श्री जितेन्द्र कानि नं 390 को सुरक्षित कार्यालय की अलमारी में रखने हेतु सम्भलाई गई तथा परिवादी को यह भी हिदायत दी गई कि वह आरोपी के द्वारा रिश्वती राशि मांगने पर ही उसे देवे तथा रिश्वती राशि देने से पूर्व या देने के बाद उसके शरीर के किसी अंग को नहीं छुए। यदि अभिवादन की आवश्यकता हो तो हाथ जोड़कर अभिवादन करें। परिवादी को यह भी हिदायत दी गई कि रिश्वती राशि देते समय जल्दबाजी व घबराहट का प्रदर्शन न करे तथा रिश्वती राशि दे चुकने के बाद अपने सिर पर दो बार हाथ फैरकर या श्री बंसीलाल कानि 63 के मोबाईल नम्बर पर कॉल कर गोपनीय निर्धारित ईशारा करें। परिवादी, श्री जितेन्द्र कानि नं 390 व स्वतंत्र गवाहान तथा ट्रेप पार्टी के सभी सदस्यों के हाथ साफ पानी व साबुन से धुलवाये गये एवं श्री जितेन्द्र कानि नं 390 को ब्यूरो इकाई बांसवाडा पर ही मुकिम रहने की हिदायत दी गई। श्री दिनेष कुमार सउनि से ट्रेप कार्यवाही में प्रयुक्त होने वाली कांच की शिशियॉ, प्लास्टिक के डिस्पोजल, ढक्कन, चम्मच इत्यादि को साफ पानी व साबुन से दो बार धुलवाकर व सोडियम कार्बोनेट पाउडर को ट्रेप बाक्स में रखवाये गये। उपरोक्त कार्यवाही की फर्द पृथक से मूर्तिब कर संबधितों के हस्ताक्षर कराये गये। समय 11.10 एएम पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त ब्यूरो जाब्ता को अपने कार्यालय कक्ष में बुलाकर उपस्थित दोनों स्वतंत्र गवाहान श्री अनिल कुमार भगोरा सहायक प्रषासनिक अधिकारी व श्री निलेश जोशीसहायक प्रषासनिक अधिकारी एवं परिवादी से आपस में परिचय करवाया जाकर अग्रिम ट्रेप कार्यवाही हेतु आवष्यक दिषा-निर्देष दिये जाकर श्री बंसीलाल कानि नं 63 को ब्यूरो का डिजीटल टेप रिकॉर्डर मय मेमोरी कार्ड लगा हुआ मुनासिब हिदायत के सम्भलवाया गया। समय 11.20 एएम पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवादी श्री मनोज वैष्णव को उसकी निजी कार से, श्री बंसीलाल कानि व श्री दिनेश कुमार सउनि को मोटरसाईकल से, श्री पंकज कुमार कानि व श्री हरभजन सिंह कनिष्ठ सहायक को मोटरसाईकल से परिवादी के पीछे-पीछे तहसील कार्यालय कलेक्ट्री परीसर बांसवाडा के लिए रवाना करते उनके पीछे-पीछे मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दोनो स्वतंत्र गवाह श्री अनिल कुमार भगोरा, श्री निलेश जोशी ब्यूरो जाब्ता श्री जितेन्द्र सिंह चालक कानि मय ट्रेप बॉक्स, लेपटॉप, प्रिन्टर इत्यादी आवश्यक संसाधनों के जरिये प्राईवेट वाहन टैक्सी से तहसील कार्यालय कलेक्ट्री परीसर जिला बांसवाडा के लिए रवाना हुए । समय 11.25 एएम पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मय हमराहियान का रवानाशुदा तहसील कार्यालय कलेक्ट्री परिसर बांसवाडा के आस-पास पहुंच जहां परिवादी श्री मनोज वैष्णव को श्री बंसीलाल कानि नं 63 द्वारा डिजीटल टेप रिकॉर्डर मेमोरी कार्ड लगा हुआ चालु हालत में सुपूर्द कर समय करीब 11.27 एएम पर तहसील कार्यालय के लिए रवाना किया तथा अपने-अपने वाहनो को रोड के साईड में खडा करा मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं दोनो स्वतंत्र गवाहान एवं ब्यूरो स्टाफ के सदस्य परिवादी के पिछे पिछे गोपनीय रुप से अपनी उपस्थिती छिपाते हुए परिवादी के गोपनीय ईशारे के इन्तजार में रहे । समय 12.10 पीएम पर दर्ज रहे कि समय करीब 12.01 पीएम पर परिवादी श्री मनोज वैष्णव ने कोष कार्यालय बांसवाडा के पीछे आकर अपने सिर पर दो बार हाथ फेरकर आरोपी द्वारा रिश्वत राशि ग्रहण बाबत् पूर्व निर्धारित ईषारा करने पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, दोनो स्वतंत्र गवाहान व ब्यूरो जाप्ता तेज कदमों से चलकर परिवादी के पास पहुंचे। मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने परिवादी से डिजीटल टेप रिकॉर्डर प्राप्त कर बंद कर सुरक्षित अपने पास रखा। परिवादी ने बताया कि आपके निर्देषानुसार मै ब्यूरो का डिजीटल टेप रिकॉर्डर लेकर तहसील कार्यालय बांसवाडा में कचरू कटारा के कक्ष में जाकर मिला तो उसने मुझसे रिश्वत राशि ग्रहण नही की और रिश्वत राशि कलेक्ट्री परीसर के बाहर मस्तान ई मित्र पर जाकर देने हेतु कहा गया जिस पर मै अपने निजी वाहन से कलेक्ट्री परीसर के बाहर मस्तान ई मित्र पर जाकर ई मित्र

संचालक से मिला तो उसने भी रिश्वत राशि ग्रहण नही की और मुझे रिश्वत राशि ऑनलाईन करने हेतु कहां गया तो मैने मेरे पास ऑनलाईन राशि नही होना कहकर नगद लेने हेतु कहा जिस पर ई मित्र संचालक द्वारा कचरू को फोन किया तो कचरू ने मुझे वापस तहसील कार्यालय बुलाया। जिस पर मै अपने वाहन से तहसील कार्यालय कलेक्ट्री परीसर बांसवाडा पहुंचकर कचरू से जाकर मिला तो कचरू ने मुझसे वार्ता करते हुए कक्ष से बाहर निकलकर मुझे साथ चलने को कहां जिस पर हम दोनो कोष कार्यालय बांसवाडा की दूसरी मंजिल पर एक कक्ष में पहुंचे जहां टेबल कुर्सी पर बैठे व्यक्ति से कचरू ने पीओन के बारे पूछा तो उस व्यक्ति ने कहां की पीओन नही है। उसके बाद कचरू कुछ देर कक्ष में ईधर उधर घुमकर मेरे पास आया और रिष्वती राशि 10,000/- रूपये मुझसे मांगकर अपने हाथों से ग्रहण कर टेबल कुर्सी पर बैठे व्यक्ति के हाथों में रिश्वत राशि 10,000/- रूपये देकर कचरू और मै कोष कार्यालय बांसवाडा के बाहर आए कचरू वहां से तहसील कार्यालय बांसवाडा की तरफ चला गया। जिस पर मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, परिवादी एवं हमाराहियान के कोष कार्यालय बांसवाडा के मुख्य गेट से अन्दर प्रवेष कर दूसरी मंजिल पर दाहिनी साईड के कक्ष में पहुंचे जहां सामने टेबल कुर्सी पर सादे वस्त्रों में एक व्यक्ति बैठा हुआ था जिसे मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अपना व हमराहियान का परिचय देते हुए उक्त व्यक्ति से उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम मिलन भट्ट पुत्र श्री देवेन्द्र भट्ट उम्र 47 वर्ष जाति ब्राम्हण निवासी जौलाना तहसील अरथुना जिला बांसवाडा हाल सहायक प्रषासनिक अधिकारी कोष कार्यालय बांसवाडा जिला बांसवाडा होना बताया। मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा कानि श्री पंकज कुमार व श्री हरभजन सिंह कनिष्ठ सहायक को कक्ष के बाहर निगरानी हेतु रखा गया। तत्पश्चात मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा अभी-अभी परिवादी श्री मनोज वैष्णव से श्री कचरू कटारा ने रिश्वत राशि 10,000/- रूपये ग्रहण करके आपको दी है के बारे में पूछा तो श्री मिलन भट्ट ने बताया की हां अभी कुछ देर पहले कचरू कटारा वरिष्ठ सहायक तहसील कार्यालय बांसवाडा ने मुझे इनसे (मनोज वैष्णव) से 10,000/- रूपये अपने हाथो से लेकर मुझे दिए जो मेरी टेबल की नीचे की दराज में रखे है। मेरा इस राशि से कोई लेना देना नही है ना ही मै मनोज वैष्णव को जानता हुं। कचरू कटारा वरिष्ठ सहायक ने मुझे यह राशि सम्भालने हेतु दि और कुछ देर बाद वापस ले जाने को कहा था इसके अतिरिक्त में कुछ नही जानता। मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देष पर स्वतंत्र गवाह श्री अनिल कुमार भगोरा ने श्री मिलन भट्ट के टेबल की दाहिनी तरफ की नीचे की दराज खुलवाकर तलाशी लिवाई गई तो दराज में रद्दी कागजो के बिच में 500-500 सौ रूपये के कुछ नोट रखे हुए थे उक्त नोटो को गवाह श्री अनिल कुमार भगोरा से उठवाकर गिनवाया गया तो 500-500 रूपये के 20 नोट कुल 10,000/- रूपये होना बताया गया। उक्त नोटो को दोनो गवाहान से फर्द पेषकषी से मिलान करवाया गया तो नोट मुताबिक फर्द पेषकषी हूबहू हुए। उक्त रिश्वत राशि 10,000/- रूपये को गवाह श्री अनिल कुमार भगोरा को सुरक्षित रखने हेतु सम्भलवाया गया। तत्पष्चात मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा श्री दिनेष कुमार सउनि व श्री जितेन्द्र सिंह चालक कानि को तहसील कार्यालय बांसवाडा से कचरू कटारा, वरिष्ठ सहायक को नियमानुसार डिटेन कर लाने हेतु रवाना किया। तत्पष्चात श्री दिनेष कुमार सउनि व श्री जितेन्द्र सिंह चालक कानि हमराह श्री कचरू कटारा वरिष्ठ सहायक को दोनो हाथों की कलाई के उपर से पकड कर अपने साथ लेकर उपस्थित हुए । मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा अपना व हमराहियान का परिचय देकर उससे उसका परिचय पूछा तो उसने अपना नाम कचरू कटारा पुत्र श्री विठ्ला कटारा उम्र 28 वर्ष जाति भील निवासी इन्दिरा कॉलोनी तलवाडा जिला बांसवाडा हाल वरिष्ठ सहायक तहसील कार्यालय बांसवाडा होना बताया। तत्पश्चात मन् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी कचरू कटारा से परिवादी मनोज वैष्णव से रिश्वत राशि 10,000/- रूपये किस बात के ग्रहण किए गए है पूछा तो कचरू कटारा ने बताया की मैने कोई रिश्वत राशि नही ली है पुनः पूछने पर आरोपी कचरू कटारा ने बताया की प्रार्थी श्री जितेन्द्र सिंधी के मूल निवास व जाति प्रमाण पत्र के आवेदन पत्र पर पटवारी के फर्जी हस्ताक्षर किए गए थे इस सम्बन्ध में मनोज वैष्णव स्वास्तिक ई मित्र को तहसील कार्यालय बुलाकर इनके खिलाफ कार्यवाही नही करने के एवज में मैने इनसे अभी 10,000/- रूपये ग्रहण कर मिलन भट्ट को दे दिए थे। जितेन्द्र सिंधी के आवेदन पत्र के सम्बन्ध में पूछा तो कचरू ने बताया की आवेदन पत्र मेरे कार्यालय कक्ष की टेबल की दराज में रखा हुआ है। आरोपी कचरू कटारा से रिश्वत राशि मिलन भट्ट को देने के सम्बन्ध में पूछा तो कचरू ने बताया की मुझे मनोज वैष्णव पर शंका हो गई थी इसलिए मै मनोज वैष्णव को कोष कार्यालय लेकर आया और मनोज वैष्णव से 10,000/- रूपये रिश्वत राशि अपने हाथों से ग्रहण कर मिलन भट्ट को दे दिए थे मैने ही मिलन भट्ट को रिश्वत राशि देकर कहा था की मै राशि बाद में ले लुंगा आपके पास रख लो मिलन भट्ट का इससे कोई लेना-देना नही है। जिस पर मौके पर उपस्थित परिवादी मनोज वैष्णव ने भी बताया की कचरू कटारा ने मुझसे प्रार्थी जितेन्द्र सिंधी के आवेदन पत्र पर पटवारी के फर्जी हस्ताक्षर करने का झुठा आरोप लगाकर मेरे विरूद्व पुलिस थाने में रिपोर्ट देने का दबाव बनाकर धमका कर 10,000/- रूपये रिश्वत राशि की मांग कर रहा था कचरू कटारा को उसकी मांग अनुसार 10,000/- रूपये रिश्वत राशि मैने मिलन जी के कक्ष में कचरू को उसके हाथ में दिए थे जो उसने मिलन जी को दे दिए थे मै पहले कभी मिलन जी से नही मिला नाही उन्होने मुझसे कोई रिश्वत राशि की मांग की थी। आरोपी श्री कचरू कटारा वरिष्ठ सहायक एवं परिवादी श्री मनोज वैष्णव के कथनानुसार स्पष्ट है कि आरोपी कचरू कटारा द्वारा परिवादी के विरूद्व कोई कार्यवाही नही करने की एवज में 10,000/- रूपये रिश्वत राशि की मांग की गई। परन्तु आरोपी कचरू कटारा को परिवादी पर शंका होने से रिश्वत राशि ग्रहण करने से पूर्व परिवादी को ईधर उधर घुमाया गया और अन्त में रिश्वत राशि कोष

